दिनांकः 17.08.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- भारत आज तीसरे ''वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ'' शिखर सम्मेलन की वर्चुअल माध्यम से मेज़बानी करेगा।
- कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में महिला रेजीडेंट चिकित्सक की हत्या के विरोध में आज प्रदेशभर के डॉक्टरों का कार्य बहिष्कार–चिकित्सा विभाग ने वैकल्पिक व्यवस्थाएं कीं।
- उदयपुर में एक छात्र को चाकू मारने की घटना के बाद शहर में स्थिति तनावपूर्ण–24 घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद–अतिरिक्त पुलिस बल तैनात।
- प्रदेश के पश्चिमी जिलों में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा–कल से बारिश की गतिविधियां कम होने की संभावना।

000

भारत आज तीसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। यह सम्मेलन वर्चुअल माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन का विषय ''बेहतर भविष्य के लिए सशक्त ग्लोबल साउथ'' रखा गया है। अफ्रीका, एशिया और लातिन अमरीका के विकासशील देशों को ग्लोबल साउथ कहा जाता है। उद्घाटन सत्र में राष्ट्रध्यक्ष और शासनाध्यक्ष भाग लेंगे। इस सत्र की मेजबानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नई दिल्ली में बताया कि सम्मेलन में, संघर्ष, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा संकट, जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल साउथ की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी।

000

कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में महिला रेजीडेंट चिकित्सक की हत्या के विरोध में प्रदेशभर के सरकारी और निजी डॉक्टरों ने आज कार्य बहिष्कार की घोषणा की है। इस घटना के विरोध में रेजीडेंट डॉक्टर पहले से ही हड़ताल पर हैं। इसे देखते हुए चिकित्सा विभाग ने लोगों के उपचार के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की है।

इस बीच, चिकित्सकों की सुरक्षा और अन्य समस्याओं को लेकर चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कल जयपुर में डॉक्टरों के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों के साथ चर्चा की। श्रीमती सिंह ने चिकित्सकों की सुरक्षा और वाजिब मांगों पर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को चिकित्सकों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए माकूल इंतजाम करने के निर्देश भी दिए।

श्रीमती सिंह ने चिकित्सकों से आमजन के हित में हड़ताल का रास्ता छोड़कर सांकेतिक विरोध दर्ज कराने और मरीज़ों के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपील की। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि चिकित्सकों की हड़ताल के मद्देनजर सरकारी चिकित्सा संस्थानों में वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। अस्पतालों में आपातकालीन सेवाएं और अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रहेंगी।

इस बीच, चिकित्सा विभाग ने आदेश जारी कर ड्यूटी के समय चिकित्सक और चिकित्साकर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट के मामलों में घटना के छह घंटे के अंदर एफआईआर दर्ज करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। विभाग ने तुरंत प्रभाव से सभी चिकित्सकों और कर्मचारियों के अवकाश निरस्त कर दिये हैं।

000

नियुक्ति संबंधी मंत्रिमंडल समिति ने कई मंत्रालयों और विभागों में कई उच्चस्तरीय नियुक्तियों को मंजूरी दी है। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव विवेक जोशी को कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग में सचिव नियुक्त किया गया है। कोयला मंत्रालय में अपर सचिव नागराजू मद्दीराला अब वित्तीय सेवा विभाग के सचिव होंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय में विशेष सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग में विशेष कार्याधिकारी बनाया गया है। वे 30 सितंबर को अपूर्व चंद्रा की सेवानिवृत्ति के बाद स्वास्थ्य और परिवार कल्याण सचिव का पदभार संभालेंगी।

000

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की आज नई दिल्ली में बैठक हो रही है। पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा इसकी अध्यक्षता करेंगे। बैठक में पार्टी के सदस्यता अभियान, संगठनिक चुनाव और आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी पर चर्चा होगी। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्षों और प्रभारी महासचिवों की भी भागीदारी होगी। लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा पदाधिकारियों की यह पहली बड़ी बैठक है।

000

उदयपुर में एक छात्र को चाकू मारने की घटना के बाद शहर में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। शहर में कल रात से 24 घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। जिला प्रशासन ने आज स्कूल और कॉलेजों में अवकाश घोषित किया है। माहौल को देखते हुए पुलिस की सात अतिरिक्त कंपनियां और अतिरिक्त अधिकारी उदयपुर भेजे गये हैं। गौरतलब है कि शहर में कल सुबह एक छात्र को उसके ही सहपाठी द्वारा चाकू मारने के बाद तनाव व्याप्त हो गया था। घायल छात्र को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना के विरोध में आक्रोशित लोगों ने प्रमुख बाजार बंद करवा दिये। कई स्थानों पर तोड़फोड़ की और कुछ वाहनों को आग लगा दी। आगजनी और तोड़फोड के बाद प्रशासन ने शहर में निषेधाज्ञा लागू कर दी। आक्रोशित भीड़ को काबू में करने के लिए पुलिस को लाठी चार्ज भी करना पड़ा। जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने बताया कि घायल छात्र खतरे से बाहर है।

आरोपी नाबालिग को डिटेन किया गया है, जबकि उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिला कलेक्टर ने लोगों से शांति बनाये रखने तथा अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है।

000

भरतपुर में 19 से 26 अगस्त तक अग्निवीर सेना भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। लोहागढ़ स्टेडियम में होने वाली इस रैली में भरतपुर, डीग, धौलपुर, अलवर, खैरथल–तिजारा और कोटपूतली–बहरोड जिले के युवा भाग लेंगे। रैली की तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिला कलेक्टर ने भर्ती रैली के दौरान सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखने, पुलिस का पर्याप्त जाब्ता तैनात करने तथा अभ्यर्थियों के ठहरने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

000

प्रदेश के कई जिलों में भारी वर्षा का दौर जारी है। कुछ जिलों में तेज बारिश के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। जैसलमेर में पिछले दो दिनों से तेज बारिश हो रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि बारिश के कारण कई गांवों का संपर्क कट गया है।

000

बीकानेर के बज्जू और कोलायत तहसीलों में अति भारी वर्षा की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने आज स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों और मरदसों में अवकाश घोषित किया है। श्रीगंगानगर में कल रात तेज वर्षा हुई, जिससे कई निचले इलाकों में पानी भर गया। बाडमेर में घने बादल छाए हुए हैं और रिमझिम वर्षा हो रही है। भतरपुर में पिछले दिनों हुई तेज बारिश से ज्यादातर बांध भर गये हैं और नदियों में पानी की आवक जारी है। सांचौर में भी रिमझिम बारिश हुई है। अजमेर में वर्षा थमने से लोगों को राहत मिली है। हनुमानगढ में भी हल्की बारिश से लोगों को गर्मी से निजात मिली। कोटपुतली–बडरोड़ जिले में बानसूर उपखंड के पाराशर धाम के कुंड में डूबने से एक युवक की मृत्यु हो गयी। मौसम विभाग ने बाडमेर, जैसलमेर और जोधपुर में भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने कहा है कि कल से प्रदेशभर में ज्यादातर स्थानों पर कुछ दिन के लिए बारिश का सिलसिला थमने की उम्मीद है।

000

वर्षा के अलर्ट के मद्देनजर बाघ परियोजना सरिस्का में स्थित पाण्डुपोल मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं और बालाकिला, सिलीसेढ, प्रतापबंध को पर्यटकों के लिए आज से 19 अगस्त तक के लिए बन्द किया गया है।

बाघ परियोजना के उप वन संरक्षक राजेन्द्र कुमार हुड्डा ने बताया कि पाण्डुपोल हनुमान मंदिर जाने वाला रास्ता भारी वर्षा के कारण जगह–जगह से क्षतिग्रस्त हो गया है, कई स्थानों पर पेड भी गिर गए हैं तथा नदी–नालों में पानी का तेज बहाव होने से श्रद्धालुओं के वाहनों के फंसने की आशंका के मद्देनजर ये फैसला लिया गया है।

000

पेरिस में इसी महीने शुरु हो रहे पैरालम्पिक खेलों में भारत के 84 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। ये खेल 28 अगस्त से आठ सितम्बर तक आयोजित होंगे। यह पहला मौक़ा है जब सर्वाधिक 47 भारतीय एथलीट इन खेलों में हिस्सा लेंगे। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बताया कि इस दल में 50 खिलाडी ऐसे हैं, जिन्हें टारगेट ओलिम्पिक पोडियम स्कीम के तहत प्रशिक्षण मिला है।

000